दैनिक जागरण 09/05/2024

रेडक्रास दिवस पर हुई पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता

रेडक्रास दिवस पर कार्यक्रम में विद्यार्थी व स्टाफ। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता●अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर कालेज में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस दौरान पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने कहा कि आज का दिन एक विशेष महत्व का दिन है क्योंकि इस दिन ही यूथ रेडक्रास विश्व में स्थापना हुई थी। मानव का सबसे बड़ा धर्म दूसरे व्यक्तियों की सेवा करना और सहयोग प्रदान करना है। इसलिए हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि हम इस पावन कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले और साथ ही अन्य लोगों को भी इस सहयोगात्मक भावना के लिए प्रेरित करें।

यूथ रेडक्रास के संयोजक डा. राकेश कुमार और अन्य स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि कालेज की यूथ रेडक्रास सोसाइटी बेहद ही सराहनीय कार्य कर रही है।